भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1638

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

एनएच-85 पर बाईपास का निर्माण

1638. श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार नए राष्ट्रीय राजमार्ग-85 (एनएच-85) पर बोडी, थेनी, औंदीपट्टी और उसिलामपट्टी कस्बों तक बाईपास सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) उक्त परियोजना की समय-सीमा और इसके लिए आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है; और

(ग) बाईपास के निर्माण होने तक उक्त कस्बों में यातायात की भीड़भाड़ को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार लाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्ग-85 (रारा-85) में मदुरै-थेनी-तमिलनाडु/केरल सीमा खंड के अध्ययन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। नए राष्ट्रीय राजमार्ग-85 (रारा-85) पर बोडी, थेनी, औंदीपट्टी और उसिलामपट्टी कस्बों तक बाईपास का निर्माण, जो इस डीपीआर का हिस्सा है, डीपीआर के परिणाम, तकनीकी व्यवहार्यता, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन है।

(ग) यातायात आवाजाही को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए मौजूदा सड़क को चौड़ा करने और ब्लैक स्पॉट को कम करने के उपाय किए गए।

*****